Your Roll No ................

**7945**

**LL.B./VI Term** **E**

Paper LB-601 : PROFESSIONAL ETHICS, PLEADINGS, CONVEYANCING AND MOOT COURTS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *Five* questions in all, selecting at least *one* question from each Part.

*All* questions carry equal marks.

प्रत्येक भाग से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

## Part A

## (भाग अ)

1. (*a*) What are the duties of an advocate towards the court by virtue of "Standards of Professional Conduct and Etiquette" laid down by Bar Council of India under the Advocates Act 1961.

(*b*) Give a brief summary of restrictions on 'Senior Advocates' imposed by Bar Council of India.

(*a*) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अधिकथित ''व्यावसायिक आचरण और शिष्टाचार के मानकों'' के नाते किसी अधिवक्ता के न्यायालय के प्रति क्या कर्त्तव्य हैं ?

(*b*) बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 'वरिष्ठ अधिवक्ताओं' पर अधिरोपित प्रतिबंधों का संक्षिप्त सार प्रस्तुत कीजिए।

2. (*a*) In R.K. Anand *Vs.* Registrar, Delhi High Court, (2009) 8 SCC 106, the Supreme Court observed that, "The appellants were not given any notice by the High Court that if found guilty they might be prohibited from appearing in High Court and the courts subordinate to it for a certain period." What course Supreme Court suggested for the High Courts to meet this defect in future ?

(*b*) A. bank terminated the services of its legal advisor and requested him to return all the case files related to bank. Instead of returning files the lawyer forwarded a consolidated bill of Rs. 97,000 as the balance payable by the bank towards legal remuneration to which he

is entitled. Can the advocate claim a lien for his fees on the litigation papers entrusted to him by his client? Decide in the light of case law.

(*a*) उच्चतम न्यायालय ने आर. के. आनंद **बनाम** रजिस्ट्रार, दिल्ली उच्च न्यायालय (2009) 8 एस.सी.सी. 106 में टिप्पणी की थी, "उच्च न्यायालय द्वारा अपीलार्थियों को ऐसी सूचना नहीं दी गई थी कि यदि दोषी पाए गए तो उनको उच्च न्यायालय और उसके अधीनस्थ न्यायालयों में कतिपय अवधि के लिए हाजिर होने से प्रतिषिद्ध किया जा सकता है।" उच्चतम न्यायालय ने भविष्य में इस कमी को दूर करने के लिए कौनसे रास्ते को अपनाने का सुझाव दिया था ?

(*b*) एक बैंक ने अपने विधिक सलाहकार की सेवाएँ समाप्त

फाइलों को लौटाने का अनुरोध किया। फाइल लौटाने के बजाय अधिवक्ता ने उसको बैंक द्वारा देय 97,000 रु. की विधिक पारिश्रमिक की बकाया राशि का समेकित बिल भेज दिया जिसका वह हकदार था। क्या अधिवक्ता उसके मुवक्किल द्वारा उसको सौंपे गए मुकदमे के कागजात पर अपनी फीस के लियन का दावा कर सकता है ? निर्णय विधि को ध्यान में रखते हुए विवेचन कीजिए।

**Part B**

**(भाग ब)**

3. (*a*) Discuss fundamental rules of pleadings highlighting exceptions to them.

(*b*) A has filed a suit before the Senior Civil Judge for permanently injuncting X, Y and Z from interfering in any manner in the peaceful possession of the suit property. However he is apprehensive that he may be forcibly evicted from the suit property during pendency of the civil suit. Draft appropriate pleadings protecting him during the said period.

(*a*) अभिवचन के मूल नियमों का उनके अपवादों पर प्रकाश डालते हुए विवेचन कीजिए।

(*b*) A ने वादगत सम्पत्ति के शान्तिपूर्ण कब्जे में X, Y और Z को किसी भी रीति से हस्तक्षेप करने से स्थायी रूप से व्यादेशित किए जाने हेतु वरिष्ठ सिविल जज के सम्मुख वाद फाइल किया। मगर उसे आशंका है कि सिविल वाद के लम्बित रहने के दौरान उसे

वादगत सम्पत्ति से बलात् बेदखल किया जा सकता है। कथित अवधि के दौरान उसको संरक्षण देते हुए समुचित अभिवचन का प्रारूप तैयार कीजिए।

4. A construction co. by the name of A, B, C & Co. entered into a written contract with M/s X, Y, Z & Co. for constructing a factory for the latter. The written contract provided for payment of a certain fixed amount at every stage of the construction. The construction co. claimed the contractually stipulated amount upon completion of the ground floor of the factory. The X, Y, Z & Co. failed to make payment despite several reminders and finally a legal notice. Now A, B, C & Co. is desirous of claiming the

liquidated demand arising out of a written contract, through litigation. Draft appropriate pleadings on its behalf.

A, B, C एण्ड कम्पनी नामक निर्माता कम्पनी ने मैसर्स X, Y, Z एण्ड कम्पनी के साथ उसके लिए फैक्टरी निर्मित करने हेतु लिखित संविदा की। लिखित संविदा में निर्माण की प्रत्येक अवस्था पर कतिपय निश्चित राशि के भुगतान का प्रावधान था। फैक्टरी के भूतल के पूर्ण होने पर निर्माता कम्पनी ने संविदा में ठहराई गई राशि की माँग की। X, Y, Z एण्ड कम्पनी कई अनुस्मारकों के बावजूद भुगतान करने में विफल रही, अन्ततः कानूनी नोटिस दिया गया। अब A, B, C एण्ड कम्पनी मुकद्दमे के माध्यम से लिखित संविदाजनित परिनिर्धारित माँग का दावा करने की इच्छुक है। उसकी ओर से समुचित अभिवचन तैयार कीजिए।

5. (*a*) H, an aggrieved husband has been summoned to the police-station a couple of times by a police-officer investigating the complaint of his estranged wife W.H. apprehends that he may be arrested in the near future. Therefore he wishes to obtain bail beforehand. Draft a proper application on his behalf.

(*b*) An old couple having no means of livelihood is unable to maintain itself. Their employed son living in the same house refuses to provide them any maintenance. Draft an appropriate application for claim of maintenance of the old couple.

(*a*) एक व्यथित पति H को उसकी विमुख हुई पत्नी W की शिकायत की तफतीश कर रहे पुलिस अधिकारी ने दो बार पुलिस स्टेशन बुलाया। उसको निकट भविष्य

में अपने गिरफ्तार किए जाने की आशंका है। अत: वह इससे पहले जमानत लेना चाहता है। उसकी ओर से उपयुक्त अर्जी तैयार कीजिए।

(*b*) एक वृद्ध दम्पति, जिसके पास आजीविका का कोई साधन नहीं है, अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है। उसी घर में रह रहा उनका बारोजगार बेटा उनका भरण-पोषण करने से मना कर देता है। वृद्ध दम्पत्ति के भरण-पोषण के दावे के लिए समुचित अर्जी तैयार कीजिए।

**Part C**

**(भाग स)**

6. (*a*) What are the essential components of a deed ?

(*b*) X is desirous of writing his last testament and will. He has two sons, a daughter and his wife. He intends to give his immovable house property in equal share

to his sons except for the portion occupied by him which shall pass on to his wife for her lifelong possession and enjoyment. After her demise the same be divided equally between his sons. He is further desirous of dividing into four equal shares his bank balances and fixed deposits for giving one each in favour of his two sons, the daughter and wife. Draft the will for him.

(*a*) विलेख के आवश्यक घटक कौनसे हैं ?

(*b*) X अपनी अंतिम वसीयत और **विल** लिखने का इच्छुक है। उसके यहाँ दो पुत्र, एक पुत्री और अपनी पत्नी है। उसका इरादा अपनी अचल गृह सम्पत्ति को, सिवाय उस हिस्से के जो उसके कब्जे में है तथा जो उसकी

पत्नी के आजीवन कब्जे तथा अधिभोग के लिए संक्रामित हो जाएगी, बराबर शेयर में अपने पुत्रों को देने का है। पत्नी की मृत्यु के पश्चात् वह समान शेयर में पुत्रों में विभाजित हो जाएगी। वह अपने बैंक बेलेन्स तथा सर्वाधिक जमा राशि को भी अपने दोनों पुत्रों, पुत्री और पत्नी में से प्रत्येक को एक शेयर देने के लिए चार समान शेयरों में बाँटने का इच्छुक है। उसके लिए **विल** का प्रारूप तैयार कीजिए।

7. X belongs to a family of edible oil merchants and is well versed with nitty-gritty of the family business. However after partition of the family business he is starved of the adequate funds to carry on the business coming to his share. He however owns a shop in the property no. 567 Naya Bans,

Khari Baoli, Delhi. Y has sufficient funds and is desirous of investing them in a business of permanent nature. X and Y get together and decide to start the business by the name of X Y edible oil merchants from the shop premises owned by X. Y will provide 70% funds of the partnership whereas X will part with his shop premises in joint pool. The profit and loss of business however will be shared by them equally, i.e. 50% each. They jointly approach you to write a deed of partnership. Keeping standard stipulations in mind draft a deed of partnership for them.

X का सम्बन्ध खाद्य तेल के व्यापारियों के परिवार से है तथा वह पारिवारिक कारोबार की महत्वपूर्ण और व्यावहारिक बारीकियों से पूरी तरह वाकिफ है। मगर पारिवारिक कारोबार

के बँटवारे के बाद उसके पास अपने शेयर में आए कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए अभीष्ट धन का अभाव है। किन्तु उसके पास नया बांस, खारी बावली, दिल्ली स्थित सम्पत्ति संख्या 567 में एक दुकान है। Y के पास पर्याप्त धन है और वह उसे स्थायी व्यवसाय में निवेशित करने का इच्छुक है। X और Y इकट्ठे होते हैं और X के स्वामित्व वाली दुकान के परिसर से 'XY खाद्य तेल व्यापारी' के नाम से कारोबार शुरू करने का विनिश्चय करते हैं। Y भागीदारी की निधि का 70% जुटाएगा जबकि X अपनी दुकान के परिसर को संयुक्त पूल में देगा। किन्तु दोनों व्यवसाय के लाभ-हानि में समान शेयर अर्थात् प्रत्येक 50% प्राप्त करेंगे। वे भागीदारी विलेख तैयार करने हेतु इकट्ठे आपके पास आते हैं। मानक अनुबंधों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए भागीदारी विलेख तैयार कीजिए।

8. (*a*) X died intestate leaving behind a widow, a son and two daughters. By law of inheritance property of X devolved in four equal share of 1/4th on his legal heirs. However his son and two daughters out of natural love and affection are desirous of writing a relinquishment deed in favour of their mother. Draft the said deed.

(*b*) Draft a standard statutory notice u/s 80 of C.P.C. on assumed facts.

(*a*) X अपने पीछे विधवा, एक पुत्र और दो पुत्रियाँ छोड़कर निर्वसीयती मृत्यु को प्राप्त हो गया। उत्तराधिकार विधि द्वारा X की सम्पत्ति उसके विधिक वारिसों में एक-चौथाई के चार समान शेयरों में न्यागत

हो गई। मगर उसके पुत्र और दो पुत्रियों की नैसर्गिक प्यार-दुलारवश इच्छा अपनी माता के पक्ष में अधित्यजन विलेख लिखने की है। उक्त विलेख को तैयार कीजिए।

(b) कल्पित तथ्यों पर सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 80 के तहत मानक कानूनी नोटिस तैयार कीजिए।